हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे०न०ब०ग०वि०वि०/ RO /2022/136 दिनांक : 28/06/2022

## बैठक कार्यवृत

दिनांक 23.06.2022 को माननीय कुलपति महोदया की अध्यक्षता में ऑन लाईन प्लेटफार्म के माध्यम से एक बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुयेः–

1. प्रो0 अन्नपूर्णा नौटियाल, माननीय कुलपति
2. प्रो0 आर0सी0 भट्ट, प्रति कुलपति
3. प्रो0 एम0सी0 नौटियाल, अध्यक्ष आर0सी0सी0 सेल
4. प्रो0 एन0एस0 पंवार, प्रभारी जैम/क्रय एवं मुद्रण
5. प्रो0 आर0सी0 सुन्द्रियाल, निदेशक आई0क्यू0ए0सी0
6. डॉ0 अजय कुमार खण्डूड़ी, कुलसचिव
7. प्रो0 अरूण रावत, परीक्षा नियंत्रक
8. डॉ0 एम0एस0 राणा, पुस्तकालयाध्यक्ष
9. प्रो0 एम0एम0एस0 रौथाण, कम्प्यूटर साईंस विभाग/नोडल आफिसर
10. डॉ0 ए0के0 मोहन्ती, वित्त अधिकारी
11. श्री एच0एम0 आजाद, उप कुलसचिव (प्रशासन शैक्षिक)
12. श्री अनिस उज जमान, उप कुलसचिव (परीक्षा)
13. श्री वी0एन0 बहुगुणा, अधिशासी अभियन्ता
14. डॉ0 प्रीतम सिंह नेगी, सहायक परीक्षा नियंत्रक
15. श्री अरविन्द कुमार, सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
16. डॉ0 विजय पाल सिंह भण्डारी, सहायक कुलसचिव (वित्त)
17. श्री एन0सी0 खण्डूड़ी, प्रभारी सहायक अभियन्ता (विद्युत)
18. श्री एच0सी0 जोशी, सुरक्षा अधिकारी

बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा हुई एवं निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः–

**बिन्दु संख्या–1** कुलपति महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि शिक्षणेत्तर पदों पर भर्ती के लिए आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण कर अविलम्ब विज्ञप्ति जारी की जाय।

**कार्यवाही– उप कुलसचिव (नियुक्ति)**

**बिन्दु संख्या–2** वर्तमान में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है, जिसमें नियुक्ति पत्रों पर हस्ताक्षर में विलम्ब होने के कारण सम्बन्धितों को नियुक्ति पत्र प्रेषित करने में विलम्ब हो रहा है। अतः भविष्य में समय से उक्त प्रक्रिया को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

**कार्यवाही– उप कुलसचिव (प्रशासन–शैक्षिक)**

**बिन्दु संख्या–3** विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों का निरीक्षण किया जाना है। निरीक्षण समिति की आख्या के आधार पर उक्त संस्थानों/महाविद्यालयों की मानकों की जाँच कर नये शैक्षिक सत्र से पूर्व दिनाक 15 जुलाई, 2022 तक निरीक्षण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाय।

**कार्यवाही– उप कुलसचिव (मान्यता)**

**बिन्दु संख्या–4** ऐसे प्राध्यापक जिनकी कि व्यक्तिगत प्रौन्नति अभी तक नहीं हुई है, उन्हें सूचित किया जाय कि वे निर्धारित प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए प्रशासन अनुभाग को अपना प्रार्थना पत्र 01 माह के अन्तर्गत प्रस्तुत करें।

**कार्यवाही– उप कुलसचिव (प्रशासन–शैक्षिक)**

**बिन्दु संख्या–5** विश्वविद्यालय में वर्तमान में फाइल ट्रैकिंग सिस्टम लागू हो गया है, जिस विभाग द्वारा अभी तक फाइलों की ट्रैकिंग नहीं की जा रही है वे इस प्रक्रिया के माध्यम से कार्य प्रारम्भ करें तथा कोई भी पत्रावली 2–3 दिन से अधिक किसी भी डैक्स पर पेडिंग नहीं रहनी चाहिए।

**कार्यवाही– कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक / वित्त अधिकारी / अधिशासी अभियन्ता / समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव**

**बिन्दु संख्या–6** वर्तमान में विश्वविद्यालय में सोलर सिस्टम के माध्यम से विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। लेकिन नेट मीट्रिग न होने के कारण जो उर्जा ऑन लाइन फिडर में जानी है, उसकी गणना नहीं हो पा रही है इस कारण विश्वविद्यालय को अर्थिक हानि हो रही है। उक्त के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया है कि एम0बी0 ग्रीन एनेर्जी प्राईवेट लिमिटेड को अधोहस्ताक्षरी की ओर से एक पत्र प्रेषित किया जाय।

**कार्यवाही– प्रभारी सहायक अभियन्ता (विद्युत)**

**बिन्दु संख्या–7** विश्वविद्यालय के द्वारा निविदायें ई–टेंडरिंग के माध्यम से की जा रही हैं परन्तु उक्त व्यवस्था को कारगर रूप से सम्पन्न कराने में समय लग रहा है। उपरोक्त व्यवस्था हेतु हेतु प्रो0 एम0सी0 नौटियाल को संयोजक नियुक्त किया गया है। यदि निविदा में कुछ समय या कमी है तो सम्बन्धितों को पत्र के माध्यम से जानकारी सुनिश्चित की जाय। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि जिस विभाग की निविदा है वहॉ के विभागाध्यक्ष को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में सम्मिलित किया जाय।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता**

**बिन्दु संख्या–8** वर्तमान शैक्षिक वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा गोल्डन जुबली वर्ष मनाया जायेगा, जिसके लिए पूर्व ही कमेटी का गठन किया जा चुका है। अतिशीघ्र कमेटी की बैठक को सम्पन्न कराकर यू0जी0सी0 एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सकार को धनराशि उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जाय। साथ ही समिति द्वारा यह भी निश्चित किया जाये कि विभिन्न कार्यों के सम्पादन हेतु उप समिति का गठन कर कार्यों का विभाजन समय से कर दिया जाये।

**कार्यवाही– संयोजक गोल्डन जुबली कमेटी**

**बिन्दु संख्या–9** वर्तमान में विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों को वाई0फाई0 सुविधा से जोड़ा गया है परन्तु उक्त सुविधा का लाभ अभी तक पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इस व्यवस्था को कारगर रूप से लागू करने के लिए कम्पनी को पत्र प्रेषित किया जाय तथा यदि बी0एस0एन0एल0 का सर्वर प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर रहा है तो अन्य किसी भी कम्पनी को उक्त सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जाय।

**कार्यवाही– नोडल ऑफिसर वाई0फाई0**

**बिन्दु संख्या–10** विभिन्न छात्र/छात्राओं के द्वारा अपनी समस्याओं के सन्दर्भ में विश्वविद्यालय को मेल एवं अन्य माध्यम से पत्र प्राप्त होते रहते हैं, जिसके लिए विश्वविद्यालय अपनी साइट पर एक हैल्पलाइन नम्बर जारी करेगा जिसके लिए श्री अरविन्द सहायक कुलसचिव,परीक्षा को अधिकृत किया जाता है।

**कार्यवाही– सहायक कुलसचिव (परीक्षा)/प्रभारी सिस्टम मैनेजर**

**बिन्दु संख्या–11** परीक्षा नियंत्रक यह सुनिश्चित करेगें कि कुल कितने परीक्षा परिणाम जारी किये गये हैं तथा अभी जो परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुए हैं उनमें बिलम्ब क्यों हो रहा हैं। परीक्षा परिणाम जो अभी किन्हीं कारणों से जारी नहीं हुए हैं उनके सम्बन्ध में प्रति कुलपति महोदय को अवगत कराया जाय। कई छात्र/छात्राओं के द्वारा अपनी परीक्षा के सन्दर्भ में पी0एम0 पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी जा रही है। उक्त का संज्ञान लेकर उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए उसका उत्तर पी0एम0 पोर्टल पर भी अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाय।

**कार्यवाही– परीक्षा नियंत्रक**

**बिन्दु संख्या–12** पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में फैकल्टी की कमी के कारण परीक्षकों द्वारा यह मॉग की जा रही है कि मूल्यांकन की दर कम होने के कारण वे मूल्यांकन नहीं कर सकते है। इस हेतु पैरामेडिकल के परीक्षा आवेदन पत्रों एवं सम्बद्धता शुल्क बढ़ाया जाय। साथ ही कुछ छात्रों ने बी0एफ0आई0टी0 संस्थान के बारे में कुछ शिकायतें पी0एम0 पोर्टल पर की है, जिसे गम्भीरता से लेते हुए कुलपति महोदया द्वारा निर्देशित किया गया है कि संस्थान का स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय एवं इसकी जानकारी पी0एम0 पोर्टल को भी उपलब्ध करायी जाय।

**कार्यवाही– परीक्षा नियंत्रक**

**बिन्दु संख्या–13** वित्त अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि उनके स्तर पर जो भी बिल भुगतान हेतु पेडिंग है, उन्हें अविलम्ब निस्तारित किया जाय। साथ ही वित्त समिति की बैइठ आफ लाइन मोड में आहूत की जाय तथा समिति के सदस्यों की सुविधानुसार बैठक का स्थान निर्धारित किया जाय।

**कार्यवाही– वित्त अधिकारी**

**बिन्दु संख्या–14** कुलपति महोदया द्वारा यह अवगत कराया गया है कि अभी तक आई0क्यू0ए0सी0 की कोई भी बैठक सम्पन्न नहीं हुई है। बैठक को अविलम्ब सम्पादित किया जाय तथा उक्त बैठक में सदस्य के रूप में प्रो0 जे0पी0 पचौरी को भी आमंत्रित किया जाय। इस वर्ष या अगले वर्ष में नैक टीम का निरीक्षण भी होना है इस हेतु भी निदेशक आई0क्यू0ए0सी अपनी पूर्ण तैयारी रखेंगें। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि वानिकी विभाग को पत्र प्रेषित किया जाय की प्रो0 सुन्द्रियाल को अन्य कार्यों की व्यस्तता के कारण उन्हें अग्रिंम आदेशों तक शैक्षिक कार्यों का लोड़ कम रखा जाये, जिससे वे आई0क्यू0ए0सी0/नैक इत्यादि के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कर सकें।

**कार्यवाही– निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0/विभागाध्यक्ष वानिकी**

**बिन्दु संख्या–15** प्रश्न पत्रों के मुद्रण हेतु यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा नियंत्रक निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए गोपनीयता को दृष्टिगत रखते हुए टेण्डरिंग की प्रक्रिया के माध्यम से भविष्य में प्रश्न पत्रो का मुद्रण का कार्य करायेगें।

**कार्यवाही– परीक्षा नियंत्रक**

**बिन्दु संख्या–16** पूर्व में कुलपति महोदया के निर्देशानुसार प्रति कुलपति एवं कुलपति महोदया को फाइलों को प्रेषित किये जाने का आवंटन किया गया है तद्नुसार ही फाईलों/पत्रावलियों को विभागों/अधिकारयों के द्वारा प्रेषित किया जाय।

**कार्यवाही– समस्त विभागाध्यक्ष/कुलसचिव**

**बिन्दु संख्या–17** दिनांक 14.12.2021 की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि प्रो0 एन0एस0 पंवार की अध्यक्षता में विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो का आडिट किया जाना प्रस्तावित किया गया था, जिसके सम्बन्ध में हुई प्रगति से अवगत कराया जाय।

**कार्यवाही– प्रभारी सहायक अभियन्ता (विद्युत)**

**बिन्दु संख्या–18** पुस्तकालयाध्यक्ष को यह जिम्मेदारी दी गयी है कि वो अपने स्तर पर छात्र/छात्राओं के पठन–पाठन हेतु पुस्तकालय में मैगजीन एवं न्यूज पेपरस मंगवाना सुनिश्चित करेंगे।

**कार्यवाही– पुस्तकालयाध्यक्ष**

**बिन्दु संख्या–19** बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पैरामैडिकल कॉलेजों की सम्बद्धता पंजीकरण शुल्क प्रति वर्ष रू0 2000/– (रूपये दो हजार मात्र) तक बढ़ाया जा सकता है, जिसके लिए उप कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा एक एजेंडा आईटम तैयार किया जाना है, एवं प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात् प्रस्ताव को वित्त अधिकारी द्वारा आगामी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा

**कार्यवाही– वित्त अधिकारी/उप कुलसचिव (सम्बद्धता)**

माननीय कुलपति महोदया को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव